उद्यमी मित्र की चयन प्रक्रिया शुरू, 16 को आएगा परिणाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने उद्यमी मित्रों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए नियुक्त होने वाले उद्यमी मित्रों की लिखित परीक्षा पूर्ण हो चुकी है। 16 अप्रैल को इसके परिणाम आने के बाद चयन प्रक्रिया पर सरकार आगे बढ़ेगी। मई माह में चयन प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित 105 उद्यमी मित्रों को विभिन्न जिलों और इन्वेस्ट यूपी कार्यालय एवं मुख्यालय पर नियुक्ति देने की तैयारी है।

बता दें कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को मिले लगभग 34 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को धरातल पर उतारने और उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त किए जा रहे हैं। उद्यमी मित्रों के चयन के लिए नौ अप्रैल को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम 16 अप्रैल को आएगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार और कंप्यूटर टेस्ट के बाद अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। उद्यमी मित्र को वेतन के रूप में सभी भत्ते मिलाकर 70 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे, जबकि टैबलेट खरीदने के लिए अलग से 15 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। एक वर्ष की अवधि में उन्हें 12 अवकाश भी प्रदान किए जाएंगे।

- निवेशकों की समस्या का समाधान करेंगे उद्यमी मित्र

प्रतीक्षा सूची में भी होंगे 15 उद्यमी मित्र

उद्यमी मित्रों के साक्षात्कार एवं कंप्यूटर टेस्ट के लिए गाइडलाइन तय की गई है। इसके अनुसार रिक्तियों की संख्या के तीन गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए 25 अंक व कंप्यूटर टेस्ट के लिए दस अंक निर्धारित किए गए हैं। आइआइटी कानपुर, आइआइएम लखनऊ या एकेटीयू लखनऊ जैसे प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों से प्रश्न पत्र तैयार कराकर कंप्यूटर टेस्ट की परीक्षा ली जाएगी। साक्षात्कार के मूल्यांकन के प्राप्तांक के आधार पर अधिकतम 120 उद्यमी मित्र चयनित किए जाएंगे, जिनमें 15 अभ्यर्थी प्रतीक्षा श्रेणी में रखे जाएंगे।